प्रेस विज्ञप्ति

गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय
पंतनगर, जिला– ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)

विश्वविद्यालय में माननीय कृषि मंत्री ने की समीक्षा बैठक

पंतनगर 23 मई 2022। विश्वविद्यालय के कुलपति सभागार में आज एक समीक्षा बैठक आयोजित की गयी। इस अवसर पर मुख्य अतिथि उत्तराखण्ड के माननीय कृषि मंत्री, श्री गणेश जोशी; कुलपति, डा. ए.के. शुक्ला; प्रबंध परिषद के सदस्य तथा विश्वविद्यालय के सभी महाविद्यालयों के अधिष्ठाता, निदेशक, संकाय प्रभारी एवं अतिथिगण उपस्थित थे। समीक्षा बैठक में माननीय कृषि मंत्री ने वैज्ञानिकों से जैविक खेती करने पर बल दिया, जिससे किसानों की आय में वृद्धि की जा सके।

समीक्षा बैठक में सभी महाविद्यालयों के अधिष्ठाताओं, निदेशकों एवं संकाय प्रभारियों ने अपने संकायों की उपलब्धियों को कृषि मंत्री के समक्ष रखा तथा भविष्य की योजनाओं से भी अवगत कराया। समीक्षा बैठक से पहले माननीय कृषि मंत्री द्वारा देवकीनन्दन अग्रवाल स्टूडेन्ट सेन्टर का शिलान्यास किया गया।

बैठक में उपस्थितजनों को संबोधित करते उत्तराखण्ड के माननीय कृषि मंत्री, श्री गणेश जोशी।